15 अक्तूबर तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे परास्नातक के छात्र

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय ने संस्थानों के परास्नातक के अंतिम वर्ष के छात्रों को पंजीकरण करते हुए पोर्टल के माध्यम से परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 15 अक्तूबर निर्धारित की है। इस संबंध में सभी निदेशकों को पत्र भेजकर छात्रों को विगत सत्र की सभी औपचारिकताएं पूर्ण कराते हुए नए सत्र के परीक्षा फार्म भरवाने के निर्देश दिए गए हैं।

विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल की ओर सभी परिसर एवं संबद्ध संस्थानों के निदेशकों को पत्र भेजा गया है। जिसमें बताया गया है कि पूर्व में 13 सितंबर को जारी पत्र में परास्नातक के शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंतिम वर्ष के छात्रों को 30 सितंबर तक सभी औपचारिकताएं पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया था। लेकिन कई छात्रों ने औपचारिकताएं पूरी नहीं की है।

15 अक्तूबर तक परीक्षा फार्म भर सकेंगे परास्नातक पाठ्यक्रमों के छात्र

अब शैक्षणिक सत्र 2023-24 समाप्त हो चुका है तो सत्र 2024-25 में तत्काल पंजीकरण कराया जाना आवश्यक है। पत्र में सत्र 2024-25 के लिए पंजीकरण कराने एवं यूएमएस (यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम) के जरिए परीक्षाफार्म भरने के लिए 15 अक्तूबर अंतिम तिथि दर्शाई गई है। साथ ही यह भी कहा गया है कि निर्धारित तिथि तक अवशेष सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करा लिया जाए। उधर, विषम सेमेस्टर के रेगुलर एवं बैक छात्रों के परीक्षा फार्म यूएमएस पोर्टल पर भरे जाने के लिए अंतिम तिथि 25 सितंबर से 10 अक्तूबर तक निर्धारित की गई। लेकिन अब इस तिथि को बढ़ाकर 20 अक्तूबर कर दिया गया है। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं।